अमर उजाला 04/04/2026

कौशल विकास की बताई बारीकियां

अंबाला। जीएमएन कॉलेज में विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य को नई दिशा देने के लिए करियर गाइडेंस कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस सत्र में विशेषज्ञों ने छात्रों को बदलते वैश्विक परिदृश्य में उभरते करियर विकल्पों और कौशल विकास की बारीकियों से अवगत कराया। प्रधानाचार्य डॉ. रोहित दत्त ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि सही समय पर लिया गया सही निर्णय ही सफलता की कुंजी है। कार्यशाला में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर अपनी शंकाओं का समाधान किया। कॉलेज प्रबंधन के इस प्रयास की सभी ने सराहना की। संवाद